हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 26.3 डिग्री

12 शिवालय मन्दिर में 31 को मनाई जाएगी राधा अष्टमी : गर्ग



12 एसपी ने किया सदर थाना हांसी का औचक निरीक्षण



## खबर संक्षेप

### ओशो ध्यान उपवन में ध्यान शिविर आज

**हिसार।** सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 23 व 24 अगस्त को मीरा प्रेम दीवानी दो दिवसीय ध्यान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दो दिवसीय ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि इस शिविर में स्वामी सच्चिदानंद ध्यान के विविध आयामों पर चर्चा करते हुए सच्चे प्रेम की व्याख्या करेंगे।

### एमएस एक्सेल पर कार्यशाला कल

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा 24 अगस्त को एमएस एक्सेल पर आधारित वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित होने वाली इस वर्कशॉप का समय सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक रहेगा।

### प्राइवेट बस चालकों की मनमानी से लोग परेशान

**आदमपुर।** आदमपुर व आसपास के गावों के लोग प्राइवेट बस संचालकों की मनमानी से परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि भादरा एवं हिसार के बीच आदमपुर होकर चल रही प्राइवेट बसें भादरा से आते वक्त बाइपास रोड आदमपुर ओशो चौक पर 1 किलोमीटर दूर सवारियों को उतार देते हैं जिससे महिलाओं व बच्चों को भारी परेशानी होती है। पहले ये बसें भादरा रेलवे फाटक से आवागमन करती थी तो यहां से सवारियां चढ़ाती व उतारती थी।

### गोगामेडी यात्रियों के लिए भंडारा कल से

**आदमपुर।** आदमपुर सुदामा गोसेवा समिति द्वारा गोगामेडी यात्रियों के लिए आदमपुर ओशो चौक पर 24 अगस्त से 2 सितंबर तक भंडारा लगाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए विनोद वर्मा ने बताया कि इस दौरान यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी तथा भंडारा लगाया जाएगा। उधर, काली रावण स्थित गोगामेड़ी धाम पर भी 10 दिन तक भंडारा लगाया जाएगा।

### विद्यार्थियों को परीक्षा पास करने के लिए मिला मौका

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने किसी कारणवश निर्धारित समय में परीक्षा पास न करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा पास करने के लिए एक विशेष मौका दिया है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने गुरु जम्भेश्वर जी भगवान के 575वें जन्मोत्सव पर विद्यार्थियों की मांग को देखते हुए यह विशेष मौका देने के आदेश जारी कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि यह मौका 2011 से 2025 के बीच डिग्री पूरी करने के लिए योग्य रहे विद्यार्थियों को दिया गया है।

## हकृवि गेट नंबर 4 पर वाहनों का आवागमन शुरू, दिनभर पुलिस रही तैनात

# एचएयू छात्र आंदोलन पार्ट-2 : गेट पर धरनारत विद्यार्थियों को पुलिस ने खदेड़ा

छात्रों ने लगाया लाठीचार्ज करने व चोटें मारने का आरोप

केवल चार-पांच घंटे ली थी धरने की परमिशन, स्थाई करना चाहते थे छात्र : पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के चार नंबर गेट पर धरना दे रहे छात्रों व पुलिस के बीच कुलर लगाने के मसले पर रात को विवाद हो गया। विवाद के पास पुलिस ने आंदोलनकारी छात्रों को वहां से खदेड़ दिया। मौके से कुछ छात्रों को हिरासत में लिया गया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।

पुलिस का कहना है कि ये युवक यहां पर स्थाई रूप से टेंट लगाकर आवागमन बाधित कर रहे थे। जब उन्हें ऐसा करने से रोका गया और एक तरफ परमिशन होने की बात कही गई तो उन्होंने पुलिस कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया। दूसरी तरफ छात्रों ने पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया है और कहा है कि इसमें कई छात्रों को चोटें आई है और वे विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन है। छात्रों को गेट से हटाने के बाद वहां से आवागमन बहाल हो गया है। दिनभर पुलिस गेट पर तैनात रही।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार के सामने छात्र 20 अगस्त से धरने पर बैठे थे। इस दौरान जिला प्रशासन व एचएयू प्रशासन की ओर से बातचीत करके मामला सुलझाने की बात कही गई लेकिन छात्र धरना देने पर अड़े रहे और धरना जारी रखा।

गुरुवार रात को धरनास्थल पर कुलर लगाने पर छात्रों व पुलिस के बीच विवाद हो गया। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए छात्रों से धरनास्थल से उठाना शुरू कर दिया।




हिसार। धरने पर बैठे छात्रों को हटाने के बाद हकृवि गेट नंबर 4 से आवागमन करते वाहन। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों ने तिरंगा लेकर की नारेबाजी

छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें चोटें मारी है। कई छात्रों को सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गुस्साए छात्र हाथों तिरंगा में लेकर राजगढ़ रोड पर आ गए और कुछ देर के लिए जाम लगा दिया। बाद में साइड में खड़े होकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि पुलिस ने बेवजह छात्रों को चोटें मारी है।

### रास्ता रुका, आवागमन हुआ प्रभावित

इस मामले में पुलिस का कहना है कि सिर्फ चार से पांच घंटे के लिए धरना लगाने की इजाजत छात्रों ने ली थी। इसके बाद छात्र रात को टेंट व कुलर लगाने लगे ताकि धरना परमानेंट दे सकें। इससे रास्ता रुक गया और छात्रों के अलावा विश्वविद्यालय स्टाफ व आम नागरिकों को आने-जाने में परेशानी होने लगी।

### इस कारण की कार्रवाई

पुलिस प्रवक्ता का कहना है कि 20 अगस्त को कुछ छात्रों ने विश्वविद्यालय के गेट नंबर-4 पर लगभग 4-5 घंटे के लिए धरना शुरू किया था। प्रशासन से किए गए वादे के बावजूद उन्होंने धरना खत्म नहीं किया। पुलिस के अनुसार विश्वविद्यालय के कई छात्रों ने उनको शिकायत दी थी कि विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्र, हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर विरोध में शामिल होने के लिए नाजायज दबाव बना रहे हैं। इतना ही नहीं, जिन छात्रों ने प्रदर्शन में शामिल होने से मना किया, उन्हें सोशल मीडिया पर भी निशाना बनाया जा रहा है। समय समय पर अलग अलग छात्रों के समूह ने आकर शिकायत दी कि गेट नंबर-4 बंद किए जाने से विद्यार्थियों, शिक्षकों और आम नागरिकों को भी असुविधा हो रही है। पुलिस के अनुसार कुछ धरना दे रहे छात्रों ने बिना अनुमति के कुलर, टेंट वगैरह लगाना शुरू कर दिया जिससे ये प्रतीत होने लगा कि विश्वविद्यालय के गेट नंबर 4 को फिर से स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। इससे गेट पर छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों के आना-जाने में बाधा उत्पन्न होने लगी थी।

### सीएम का पुतला फूंका

हकृवि में आंदोलनकारी छात्रों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के विरोध में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन किया और पुलिसिया कार्रवाई की निंदा करते हुए सीएम का पुतला जलाया। समिति नेता सतीश बैनीवाल, संदीप सिवाच, साहबराम, चरणपाल, केडी अग्रोहा व मुकेश ढाया ने आरोप लगाया कि छात्रों की जायज मांगों को दबाने के लिए दमनकारी कार्रवाई की है। समिति इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही छात्रों पर लगाए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो किसान संगठन राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ने पर मजबूर होंगे।

### घायलों से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल

शुक्रवार को कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस के साथ झड़प में घायल हकृवि छात्रों से मिलने अस्पताल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री प्रो.संपत सिंह और ग्रामीण इकाई जिलाध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने आरोप लगाया कि सरकार जो मांगें पहले मान चुकी है अब वायदाखिलाफी कर रही है। छात्रों का गुस्सा जायज था, लेकिन सरकार ने संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाए दमनकारी नीति अपनाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों की हर जायज मांग का समर्थन करती है और इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेगी। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, वरिष्ठ नेता धर्मवीर गोयत, अजीत भगाना भी शामिल थे।

## 870 वाहनों को जांचकर 45 वाहनों के काटे चालान



हांसी। सीलिंग प्लान के दौरान वाहनों की जांच करते पुलिस अधिकारी।

■ पुलिस ने सीलिंग प्लान के तहत 19 स्थानों पर की नाकाबंदी

**हांसी।** पुलिस द्वारा बृहस्पतिवार शाम 7 से रात 10 बजे तक सीलिंग प्लान के तहत 19 स्थानों पर नाकाबंदी करके वाहनों की गहनता से जांच की गई। सीलिंग प्लान के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने स्वयं नाकों का दौरा कर वहां तैनात पुलिस कर्मियों को हर संदिग्ध वाहन की बारीकी से जांच करने तथा किसी प्रकार की कोई कमी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

सीलिंग प्लान किसी भी आपात स्थिति से निपटने व अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधियों को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा किया जाता है। नाकाबंदी करके 870 वाहनों को चेक किया गया तथा 8 वाहन चालकों के ड्रिंक एंड ड्राइव सहित यातायात के नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल 45 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि सीलिंग प्लान का उद्देश्य जिला के आम नागरिकों को सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम के लिए चलाया गया है।

## तीन वर्ष पुराने नीतिन की हत्या के मामले में दोषी को उम्रकैद

■ गली में कुत्ता घुमाने के विवाद में चाकुओं से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

एडीजे सौरभ खत्री की अदालत ने लगभग तीन वर्ष पूर्व हुए नितिन हत्या मामले में दोषी अभिषेक उर्फ शेखू को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार वर्ष 2022 में पटेल नगर के रहने वाले युवक नितिन पर घर के बाहर कुत्ता घुमाने के दौरान चाकुओं से हमला कर दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने तब हत्या प्रयास का मामला दर्ज किया था। इसके बाद नितिन की 6 दिन बाद निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या की नई धारा जोड़ते हुए कार्रवाई की थी। तीन साल से ऊपर कोर्ट में चले इस मामले में अब आरोपी अभिषेक उर्फ शेखू को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। इस मामले में नितिन की मां संतोष कुमार की शिकायत पर पीएलए चौकी में मामला दर्ज किया गया था।

### युवक के पेट में मार दी थी छुरी

पीड़ित की मां संतोष कुमारी पत्नी सोहनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 16 मार्च 2022 की रात करीब 12:15 बजे वह अपने बेटे नितिन उर्फ धोला के साथ गली में कुत्ता घुमाने निकली थीं। उसी दौरान शेखू पुत्र प्रदीप निवासी पटेल नगर ने उनके बेटे का रास्ता रोक लिया और गाली-गलौच करने लगा। जब विरोध किया गया तो शेखू ने नितिन के हाथ में पकड़ी छुरी छीनकर उसके पेट में मार दी। हमले के बाद नितिन बेहोश होकर गिर पड़ा। संतोष कुमारी के शोर मचाने पर आरोपी शेखू जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। घायल को तुरंत सरकारी अस्पताल हिसार ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे निजी अस्पताल हिसार रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने के कारण माता-पिता बेटे को लेकर सीएमसी अस्पताल लेकर चले गए। जहां 6 दिन बाद करीब 22 मार्च को उपचार के दौरान नितिन ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद पुलिस ने इसमें हत्या की नई धारा जोड़ी गई थी। मां संतोष कुमारी ने बताया कि नितिन के दो भाई और एक बहन हैं।

## हत्या के मामले में आरोपी रिमांड पर

**हिसार।** जीआरपी पुलिस ने रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति की हत्या के मामले में गिरफ्तार रोहतक जिले के टिटोली गांव निवासी रविन्द्र को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने के बाद राजस्थान के फुलेरा ले गई है। इस दौरान पुलिस आरोपी के साथी का पता लगाने का प्रयास करेगी।

**यह था मामला:** जीआरपी थाना के अनुसार तीन अगस्त की रात को रविन्द्र व उसके साथी गाजियाबाद निवासी अरुण ने हाथ बांधकर एक युवक की हत्या कर दी थी। उसकी अभी तक पहचान भी नहीं हो पाई है। पुलिस को मौके से कोई सबूत नहीं मिला, जिससे पता चले कि हत्या किसने की है। इसके चलते पुलिस ने 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो कुछ साक्ष्य मिले, जिसके आधार पर पुलिस ने रविन्द्र को पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में रविन्द्र ने बताया कि वे घटना की रात ट्रेन में लुधियाना से हिसार आ रहे थे। उन्होंने ट्रेन में अपना मोबाइल चार्ज करने के लिए लगाया। इस दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया।




अपराध | आरोपी को पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर भेजा

# रिटायरमेंट से 6 महीने पहले 15 हजार की रिश्वत लेता चौकी इंचार्ज गिरफ्तार

■ आत्महत्या केस में फंसाने का डर दिखाकर मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बृहस्पतिवार शाम हांसी रेलवे स्टेशन स्थित जीआरपी पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई महेंद्र सिंह को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) थाना हिसार में मामला दर्ज कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान एसीबी की टीम आरोपी से गहनता से पूछताछ करेगी। एसीबी की टीम ने कार्रवाई मय्यड़ गांव निवासी संदीप की शिकायत पर की। एसीबी को मय्यड़ गांव के एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके दोस्त मय्यड़ निवासी संदीप ने 13 जुलाई 2025 को ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में 15 अगस्त को एसआई महेंद्र ने सोमबीर निवासी रामायण को फोन कर चौकी बुलाया। अगले दिन जब शिकायतकर्ता अपने दोस्त सोमबीर के साथ चौकी पहुंचा तो महेंद्र सिंह ने बाहर बुलाकर कहा कि यह बड़ा मामला है और इसमें 20-30 हजार रुपये लगेंगे। शिकायतकर्ता ने कुछ रुपए कम करने की बात कही तो महेंद्र ने 21 अगस्त को दोबारा फोन किया और धमकी दी कि यदि आज 15 हजार रुपये नहीं दिए तो वह सोमबीर को आत्महत्या मामले में फंसा देगा।

### मृतक के साथ बाइक की थी एक्सचेंज

एसीबी को मय्यड़ गांव निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके दोस्त संदीप की करीब डेढ़ महीने पहले मय्यड़ में ट्रेन के नीचे आने से मौत हो गई थी और मृतक संदीप ने सोमबीर से अपनी बाइक एक्सचेंज की हुई थी, लेकिन मौत से पहले वह बाइक किसी अन्य के पास गिरवी रख गया था। इसके बाद में मृतक की पत्नी ने पुलिस में शिकायत दी कि उसके पति की बाइक गायब है। इसके बाद इस मामले की जांच हांसी जीआरपी चौकी इंचार्ज एसआई महेंद्र को सौंपी गई थी।

### योजनाबद्ध दबिश देकर एसआई रंगे हाथों पकड़ा

दो दिन पहले पीड़ित विजिलेंस एसपी हिसार के पास पहुंचे, विजिलेंस एसपी ने उन्हें ट्रैप डिवाइस दी। जिसके जरिए बातचीत और सौदे की रिकॉर्डिंग की गई। बृहस्पतिवार शाम तय रकम की पहली किस्त के रूप में 15 हजार रुपये लेते ही विजिलेंस टीम ने पुलिस चौकी में दबिश देकर एसआई महेंद्र को रिश्वत के रुपयों के साथ रंगे हाथ काबू कर लिया और उसे अपने साथ हिसार ले गई।



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

लाइफ Style



# कृति
## वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

मुंबई।कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध

**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है। टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

टीवी मसाला




# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

## गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के जरिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी



**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत'का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।'इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।



## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

## खबर संक्षेप

### 9वीं से 12वीं कक्षा की बढ़ाई जाए एडमिशन डेट : कुंडू

**बरवाला।** प्राइवेट स्कूल संघ ने नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की एडमिशन डेट बढ़ाने की शिक्षा विभाग से मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यवान कुंडू ने कहा कि नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की दाखिले की अंतिम तिथि 15 अगस्तथी लेकिन कुछ बच्चे जानकारी के अभाव में अभी भी दाखिला लेने से वंचित रह गए हैं। प्राइवेट स्कूल संघ मांग करता है कि नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की एडमिशन डेट 31 अगस्त तक बढ़ाई जाए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र व पूर्व सांसद बृजेंद्र कल हांसी में

**हांसी।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह 24 अगस्त को हांसी की जाट धर्मशाला में कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करेंगे। कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश संगठन सृजन ऑब्जर्वर



गायत्री देवी ने बताया कि पार्टी नेता राहुल गांधी के कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के निर्देशों के तहत पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत करने व लोगों की आवाज को बुलंद करने की दिशा में यह बैठक एक कदम है। उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी करेंगे। इस बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा होगी।

### राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 24 को

**सिरसा।** भाविप माधव शाखा के सचिव सतपाल जोत ने बताया कि शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 24 अगस्त को परिषद भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में होगी। इस प्रतियोगिता के लिए पूर्व प्राचार्य सतीश मितल को संयोजक व राकेश कंबोज को सहसंयोजक का दायित्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रांतीय पर्यवेक्षक रवींद्र मेहता एडवोकेट विशेष रूप से पहुंचेगे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष भाविप उत्तर क्षेत्र द्वितीय के क्षेत्रीय संस्कार गतिविधि संयोजक हरिओम भारद्वाज होंगे जबकि जेपी गुप्ता मुख्यातिथि, डॉ. रोहित डुमरा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

### पनिहारी में बिल्डिंग मैटेरियल फैक्ट्री से नकदी चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव पनिहारी में बिल्डिंग मैटेरियल फैक्ट्री से अज्ञात लोग करीब 19 हजार रुपये की नकदी चुरा कर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में मनीष उप्पल ने बताया कि वह बिल्डिंग मैटेरियल का काम करता है और पनिहारी गांव में उनकी फैक्ट्री है। अक्सर फैक्ट्री में मजदूर-कर्मचारियों के साथ रहते हैं और काम चलता रहता है। बीती शाम करीब साढे 7 बजे भी फैक्ट्री में काम चल रहा था। उसे देखने के लिए वह गया था। जब वापस आया तो काउंटर के दराज में रखे पैसे निकालने लगा तो देखा कि दराज खुला पड़ा था। उसमें पैसे नही थे। मनीष ने बताया कि फिर उन्होंने अपनी फैक्ट्री में लगे कैमरे चेक किए तो वारदात का पता चल पाया। सीसीटीवी फुटेज में 2 युवक बाइक पर आते हैं और दुकान की दराज में रखे करीब 19 हजार कैश चोरी कर ले रहे हैं।

### 5.35 लाख की वसूली का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भूना।** रिटायर्ड सूबेदार रणधीर सिंह उर्फ धीर सिंह के साथ संगठित हनी ट्रैप और धोखाधड़ी के मामले में थाना भूना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी महाबीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। महाबीर मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला उन्नाव के गांव दरौली का रहने वाला है, जो फिलहाल भूना में रह रहा था। शुक्रवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेज दिया गया।महाबीर, उसकी पत्नी और अन्य सहयोगियों ने एक पूर्व नियोजित साजिश के तहत सूबेदार को जाल में फंसा कर 5 लाख 35 हजार रुपये की अवैध वसूली की। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी नरसिंह बिश्नोई और थाना प्रभारी ओमप्रकाश बिश्नोई ने खुद जांच की कमान संभाली और हर पहलू की गहराई से पड़ताल की। शिकायत में आरोप लगाया था कि आरोपी पहले किरायेदार बनकर उसके घर में रहने लगे, फिर बाद में महिला द्वारा झूठे आरोप लगाकर ब्लैकमेल किया गया।

---

इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ने गुजवि में स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम को किया संबोधित

# एक क्षण की असावधानी बन सकती है खतरनाक : मेजर डॉ. अली शाह

**कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की अध्यक्षता नाम कीर्ति दास रहे विशिष्ट अतिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यातिथि मेजर डा. मोहम्मद अली शाह व कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर मेजर डॉ. मोहम्मद अली शाह ने कहा है कि जीवन में समय की कीमत को समझिए। एक क्षण की असावधानी आपके जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकती है और वहीं एक क्षण की सजगता आपके जीवन के लिए सफलताओं के द्वार खोल सकती है। ताकत शरीर की बजाय दिमाग में होती है, जो दिमाग सोचता है वही हम पा लेते हैं।

मेजर डॉ. मोहम्मद अली शाह गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नव आगंतुक विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। इस्कॉन यूथ फोरम बहादुरगढ़ के निदेशक नाम कीर्ति दास कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मेजर डा. मोहम्मद अली शाह ने अपने जीवन के अनुभवों को सांझा करते हुए बताया कि सेना में सेवा के दौरान उन्होंने किस प्रकार समय के महत्व को समझा था। उन्होंने अपने खुद का उदाहरण देते हुए बताया कि जीवन में कई बार मनचाही सफलता नहीं मिलती। किसी एक विशेष कार्य को करते हुए बार-बार असफलताओं का सामना भी करना पड़ सकता है लेकिन असफलताओं की चुनौतियों को स्वीकार करना सीखें। डरें नहीं, आगे बढ़ते जाएं। वक्त ऐसा भी आएगा सफलता आपके सामने खड़ी होगी।

### अपनी प्रतिभा को जगाएं : प्रो. बिश्नोई

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संबोधन में नव आगंतुक विद्यार्थियों से कहा कि चुनौतियां तो जीवन में आएंगी, लेकिन अपने अंदर की प्रतिभा को जगाए रखें। अपने कौशल के अनुसार उद्देश्यों का निर्धारण कर आगे बढ़ें। अपनी एक अलग सोच विकसित करें तथा अपना रास्ता खुद बनाएं। सफलता निश्चित तौर पर मिलेगी। आप क्या सोचते हैं यह मायने नहीं रखता। आप कैसे सोचते हैं और अपनी सोच को कैसे क्रियान्वित करते हैं, यह मायने रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने कौशल तथा रूचि के हिसाब से नियमित डिग्री के साथ-साथ कौशल-आधारित कोर्स भी करें।

### मन पर नियंत्रण से समस्याओं का समाधान

विशिष्ट अतिथि नाम कीर्ति दास ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि श्रेष्ठ व्यक्ति जो कार्य करते हैं, पूरा संसार उनको फॉलो करता है। हिंसा, नशा, तनाव, भ्रष्टाचार, अपराध, नैतिक मूल्यों की कमी जैसी अनेकों समस्याएं समाज में व्याप्त हैं। मन के नियंत्रण से इन समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैसे मन का पैटर्न होता है, व्यक्ति वैसा ही व्यवहार करता है। इस अवसर पर संयोजक प्रो. अंजन कुमार बराल, सह-संयोजक डॉ. संजीव माथुर, डॉ. आदित्यवीर सिंह, प्रो. खुजान सिंह, डॉ. विनोद कुमार,डॉ . एसबी लूथरा, प्रो. यशपाल सिंगला, प्रो. एमके शर्मा, प्रो. ओमप्रकाश सांगवान, डॉ. विनीता माथुर व प्रो. अनिल भानखड़ ने नव आगंतुक विद्यार्थियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित जानकारियां दी।

---



हिसार । मरीज के साथ वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेंद्र सिहाग व टीम सदस्य।

# 152 किलो वजनी महिला का हर्निया का सफल ऑपरेशन

- अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग कर सफलतापूर्वक हर्निया रिपेयर सर्जरी की
- सर्वोदय मल्टी अस्पताल ने अपनी श्रेष्ठता साबित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सर्वोदय मल्टी स्पेशियलिटी एवं कैंसर अस्पताल ने एक बार फिर चिकित्सा जगत में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। अस्पताल के अनुभवी एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. राजेंद्र सिहाग ने 152 किलो वजन वाली महिला का सफल हर्निया ऑपरेशन कर उसे नई जिंदगी दी। डॉ. सिहाग ने जानकारी दी कि मरीज को लंबे समय से ऑब्सट्रक्टेड अम्बिलिकल हर्निया की गंभीर समस्या थी।

अचानक उसे तेज पेट दर्द और सांस लेने में अत्यधिक तकलीफ हुई, जिसके बाद वह सर्वोदय अस्पताल आई। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिना समय गंवाए तुरंत इमरजेंसी ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान मरीज के हर्निया की जटिलता को ध्यान में रखते हुए अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग कर सफलतापूर्वक हर्निया रिपेयर सर्जरी की गई। ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा और अब मरीज की हालत सामान्य है। मरीज ने बताया कि वह कई अस्पतालों में इलाज करवा चुकी थी, लेकिन कहीं भी संतोषजनक समाधान नहीं मिल पाया। उसने उम्मीद तक छोड़ दी थी। लेकिन सर्वोदय अस्पताल पहुंचने के बाद उसे सही निदान और समय पर उपचार मिला, जिससे उसकी जिंदगी बच गई। डॉ. राजेंद्र सिहाग को अब तक 30,000 से अधिक सफल सर्जरी करने का अनुभव है।

---

# विनोद प्रधान और अनिल पूनिया सचिव बने

## बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्चपुर में एमपीएचडब्ल्यू कर्मियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद




नारनौंद । मिर्चपुर की सीएचसी में चुनाव के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी खड़े हुए।

बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की जिला प्रधान विकास संदलाना की अध्यक्षता में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिर्चपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें खंड मिर्चपुर के त्रिवार्षिक चुनाव संगठन के संविधान अनुसार सम्पन्न करवाए गए।

मंच का संचालन जिला सचिव रविंद्र पेटवाड़ द्वारा किया गया। चुनाव प्रवेक्षक कर्मचारी संघ खंड नारनौंद के ब्लॉक प्रधान रोहताश शर्मा, सुदेश पूनिया व शुभराम पानू बनाए गए। सबसे पहले पूर्व कमेटी द्वारा वित का लेखा जोखा, कार्य की रिपोर्ट सौंपी गई। कर्मचारी संघ खंड नारनौंद प्रधान रोहताश शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि वर्तमान दौर में सरकार का हमला कर्मचारी वर्ग पर जारी है। जिला प्रेस प्रवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि खंड नारनौंद की नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से विनोद कुमार को प्रधान, अनिल पूनिया को सचिव, अशोक कुमार को वित सचिव, प्रीति देवी को प्रेस सचिव, मुख्य सलाहकार महिला सुपरवाइजर विनोद कुमारी व स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीप मान को मनाया गया।

इस मौके पर नई कार्यकारिणी ने आश्वस्त किया कि संगठन के संविधान अनुसार व ईमानदारी से अपना कार्य करेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सत्यवान रंगा, बलजीत चहल, प्रदीप कुमार, भीम सिंह, सुनीता देवी, अनीता रानी, सुमन देवी स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# हिंदी हमारी संस्कृति की आत्मा : काजल

- कृष्णा देवी स्कूल में हिन्दी व्याकरण हरियाणा गौरव पुरस्कार प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना





हिसार । प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय हिन्दी व्याकरण हरियाणा गौरव पुरस्कार प्रतियोगिता में पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा समिति द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में हिन्दी भाषा एवं व्याकरण के प्रति रुचि उत्पन्न करना और राजभाषा हिंदी के महत्व को उजागर करना था।विद्यालय की निर्देशक काजल धायल ने कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं की आत्मा है। भाषा के बिना समाज की पहचान अधूरी है और राजभाषा हिंदी के माध्यम से ही हम अपने मूल्यों, विचारों और धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सकते हैं। स्कूल प्राचार्य जय प्रकाश पांडेय ने कहा कि विद्यालय सदैव ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहेगा ताकि बच्चों को सीखने और आगे बढ़ने के अधिक से अधिक अवसर मिल सकें।

---



हांसी। संसद भवन भ्रमण करते श्री काली देवी विद्या मंदिर के विद्यार्थी

# श्री काली देवी विद्या मंदिर के छात्रों ने किया संसद भवन का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री काली देवी विद्या मंदिर के 60 विद्यार्थियों ने विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप पूनिया के नेतृत्व में संसद भवन का भ्रमण कर भारतीय लोकतंत्र की त्वरित कार्यवाही का अवलोकन किया।

विद्यार्थियों ने इस दौरान संसद में चल रहे मानसून सत्र में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत केंद्र शासित प्रदेश पुनर्गठन से संबंधित 113वां संविधान संशोधन बिल तथा उस पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रियाओं को सुना। विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का भी भ्रमण व अवलोकन किया, जहां उन्होंने मौसमी पुष्पों की मनमोहक छटा, कलात्मक बागवानी और भवन की स्थापत्य सुंदरता का भरपूर आनंद लिया। प्राचार्या गीता मेहता ने इस भ्रमण के लिए हिसार सांसद जय प्रकाश तथा नारनौंद विधायक जस्सी पेटवाड़ का आभार व्यक्त किया।

---

# एसबीआई भाटला शाखा ने ग्रामीणों को शिविर में दी ऋण से संबंधित जानकारी




हांसी। ग्रामीणों को योजनाओं के लाभ की जानकारी देती बैंक मैनेजर प्रियंका साहू ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

भारतीय स्टेट बैंक भाटला शाखा द्वारा गांव चानौत में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में एके पाठक एजेएम, सुमित बंसल चीफ मैनेजर का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बैंक से संबंधित अधिकारियों से कई सवाल पूछे। भाटला एसबीआई बैंक मैनेजर प्रियंका साहू ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं शुरू की गई है। जानकारी के अभाव में किसान इन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। प्रियंका साहू ने कहा कि किसान बेहिचक बैंक आए और इन योजनाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर रीजनल मेनेजर अभिनय कुमार पाठक, चीफ मैनेजर सुमित बंसल, चानौत गांव के सरपंच प्रतिनिधि हिमांशु, भाटला सरपंच सुनील कुमार, एफओ अमित कुमार सहित बैंक के अन्य स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# अवलीन, प्रीति, गुरलीन और मनरीत का चेस चैंपियनशिप में हुआ चयन



उकलाना । शानदार प्रदर्शन करने वाले लोटस स्कूल के विद्यार्थी।

**उकलाना ।**लोटस इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने जिलास्तरीय चेस चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। स्कूल प्रिंसिपल आरती कुनर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की तरफ से खेलते हुए लड़कियों की अंडर-19 की चैंपियनशिप में अवलीन कौर ने हिस्सा लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन बरकरार रखते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि इस जीत के साथ ही जिला हिसार की लड़कियों की अंडर 19 चेस चैंपियनशिप को अवलीन लोटस नेतृत्व करेगी। लड़कियों की अंडर 17 प्रतियोगिता मे भी लोटस इंटरनेशनल स्कूल की तीन छात्रों ने जगह बनाई। उन्होंने बताया कि प्रीति, गुरलीन और मनरीत ने अपना सर्वोच्च प्रदर्शन किया और जिला स्तरीय चेस चैंपियनशिप के अंदर स्थान प्राप्त किए। स्कूल चेयरमैन महेंद्र कुनर और प्रिंसिपल आरती कुनर ने चारों विजेता प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की।

---

**विरोध** किसानों, छात्रों व मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# किसान सभा का डीसी कार्यालय पर धरना

- किसानों को यूरिया व डीएपी पैसे देकर भी नहीं मिल पा रहा, इससे किसानों को हो रहा नुकसान
- धरने का संचालन तहसील सचिव अभयराम फौजी ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । किसान सभा के धरने को संबोधित करते पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

अखिल भारतीय किसान सभा की हिसार तहसील कमेटी ने किसानों, छात्रों व मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर तहसील प्रधान रमेश मिरकां की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया और एसडीएम को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

धरने का संचालन तहसील सचिव अभयराम फौजी ने किया। धरने को जिला प्रधान शमशेर नंबरदार,राज्य उपाध्यक्ष दिनेश सिवाच, सतबीर धायल, कपूर बगला, राकेश धायल, सूबे सिंह बूरा, कामरेड सतबीर, सुरेंद्र मान, मा. औमप्रकाश, मा. रामकुमार, दलबीर किरमारा, उमेद लोहान, बलराज मलिक, सतीश बैनीवाल, संदीप सिवाच, केडी अग्रोहा, चरण पाल लुदास व साहब राम आदि ने संबोधित किया।

### आंदोलन की चेतावनी

जिला प्रधान शमशेर नंबरदार ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन और प्रशासन अपना काम ईमानदारी से नहीं करेगा तो किसान सभा संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बीज, कीटनाशक, आवारा पशुओं व बाढ़ प्रभावित एरिया आदि मुद्दे गायब हैं। प्रदेश में नशे का कारोबार जोरों पर है। यूरिया व डीएपी पैसे देकर नहीं मिल रहा है, जिसके कारण किसानों को लगातार नुकसान हो रहा है।

---

# सीएम ने 450 एससी वर्ग के उद्यमियों को दी 45 लाख रुपये की सहायता सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने हिसार दौरे के दौरान सायना नेहवाल संस्थान के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों द्वारा लगाई गई एक प्रदर्शनी का अवलोकन करके उनसे बातचीत की।

इसमें विश्वविद्यालय के इस संस्थान से प्रशिक्षण लेकर रोजगार शुरू करने वाले उद्यमी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने पांच प्रतिभागियों जिनमे फल एवं सब्जी परीरक्षण में भिवानी से ललिता, मशरूम उत्पादन में नांगला फ़तेहाबाद से पूनम, बेकरी में बास आज़म शाहपुर हिसार से वंदना और दूध संवर्धित मूल्य उत्पाद मे हिसार की सरला रानी को आयोजन स्थल पर ही सांकेतिक तौर पर सहायता सामग्री देकर उनका मनोबल बढ़ाया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस अवसर पर संस्थान की गतिविधियों बारे विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि कार्यक्रम में सायना नेहवाल संस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग के 450 प्रतिभागियों को 45 लाख रुपये की सहायता सामग्री मुख्यमंत्री ने प्रदान की।

**सूचना**

मैं, परमजीत कौर पत्नी स्व. श्री औमप्रकाश निवासी मकान नं. 80/2, आउटसाइड मोरी गेट, हिसार तह. व जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र नरेन्द्र पाल सिंह हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में जो भी कोई मेरे पुत्र से किसी प्रकार का लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### रोटरी हिसार ने बढ़ाया रक्तदाताओं का उत्साह

**हिसार।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित रक्तदान अभियान 2025 में समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए रोटरी हिसार ने सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने व उनकी सेवाभावना को सलाम करते हुए रोटरी हिसार की ओर से सभी रक्तदाताओं को फल, दूध एवं अन्य पौष्टिक रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर रोटरी हिसार के अध्यक्ष डॉ. के.के. वर्मा स्वयं उपस्थित रहे।

### पशुपालकों के साथ बैठक 25 अगस्त को होगी

**हिसार।** उपायुक्त सभागार में बेसहारा पशुओं को लेकर पशुपालकों के साथ 25 अगस्त को उपायुक्त अनीश यादव और निगमायुक्त नीरज की एक अहम बैठक होगी। इसमें अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, पुलिस अधिकारी, पशुपालन विभाग के अधिकारी सहित शहर के लगभग 70 पशुपालक शामिल होंगे। इस बैठक को बुलाने का उद्देश्य बेसहारा पशुओं की बढ़ती संख्या, सड़क दुर्घटनाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर चर्चा करना। मीटिंग में आवारा पशुओं को पकड़ने तथा उन्हें सुरक्षित गौ-अभ्यारण में छोड़ने, बीमार पशुओं के इलाज और सड़कों पर खुले छोड़ने वाले पशुपालकों पर जुर्माना लगाने आदि मुद्दे रहेंगे।

### एसपी ने किया सदर थाना हांसी का औचक निरीक्षण

# एसपी ने थाने का रिकॉर्ड जांचा मालखाना भी चेक किया

थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की, कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शुक्रवार शाम को सदर थाना हांसी का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड के निरीक्षण के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था की जांच की।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाली प्रत्येक शिकायत का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाएं।



#### सदर थाना में दर्ज मामलों की स्थिति की जांच

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना में दर्ज मामलों की स्थिति के बारे में बारी बारी पड़ताल की। तथा थाने में लंबित अभियोगों के निष्पादन को लेकर अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित करते कहा कि सभी लंबित अभियोगों का समय सीमा के अंदर निदान करे। उन्होंने कहा कि अनुसंधानकर्ता के साथ थाना प्रबंधक भी घटना स्थल पर जाए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उच्च अधिकारियों के साथ संपर्क कर मदद ले। इसके साथ ही उन्होंने थाना प्रबंधक को थाने का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने, थाना परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए और पुलिस कब्जे में लिए गए वाहनों के मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने सदर थाना में तैनात पुलिस कर्मियों के रहन-सहन व मैस की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद मैस में सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

पुलिस थाने में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुन, शिकायत का समयावधि में निदान करें। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे।

अपराध नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए।

# डीपीएस के खिलाड़ियों का एसजीएफआई शूटिंग और तीरंदाजी में शानदार प्रदर्शन

- 10 मीटर एयर पिस्टल बालिका वर्ग में यशिका ने स्वर्ण जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ।


दिल्ली पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने ज़िला एसजीएफआई शूटिंग चैंपियनशिप के अंतर्गत शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। 10 मीटर एयर पिस्टल बालिका वर्ग में यशिका ने स्वर्ण पदक जीता तथा शुभ्रा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं, 10 मीटर एयर पिस्टल बालक वर्ग में एशान दुहन ने स्वर्ण पदक हासिल किया और जयन्त ने एयर राइफल में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी राज्य स्तरीय एसजीएफआई शूटिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जिसका आयोजन 3 से 5 अक्टूबर को सिरसा में किया जाएगा। इसी क्रम में विद्यालय की छात्रा योआना बंसल ने एसजीएफआई तीरंदाजी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है। उन्होंने अपनी दक्षता के बल पर राज्य स्तरीय एसजीएफआई तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई किया है, जो 9 सितंबर को फरीदाबाद में आयोजित होगी। प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर व निदेशक निहाल सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# तनिष्क में शुरू हुआ फेस्टिवल ऑफ डायमंड अब अंतिम चरण में

- फेस्टिवल में चुनिंदा डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षक स्कीम और डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ज्वेलरी की दुनिया का विश्वसनीय नाम तनिष्क "फेस्टिवल ऑफ डायमण्ड" लेकर आया है। इस खास अवसर पर ग्राहकों को डायमंड ज्वेलरी पर शानदार ऑफर्स और विशेष छूट दी जा रही है। शादी-ब्याह की तैयारियों से लेकर गिफ्टिंग और सेल्फ-शॉपिंग तक, हर ज़रूरत के लिए यह फेस्टिवल ग्राहकों को बेहतरीन विकल्प प्रदान करता है। हिसार स्टोर मैनेजर ने बताया कि इस फेस्टिवल में चुनिंदा डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षक स्कीम और डिस्काउंट का लाभ उठाया जा सकता है। ऑफर सीमित समय के लिए है, ऑफर की अंतिम तिथि नज़दीक है, इसलिए मौका हाथ से जाने से पहले ग्राहक जल्द से जल्द नज़दीकी तनिष्क शोरूम पर



विजिट करके इस सुनहरे मौके का फायदा उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गहनों के शौकीनों और शादी-ब्याह की तैयारियों में जुटे लोगों के लिए यह ऑफर बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। इस ऑफर में डायमंड ज्वेलरी पर विशेष डिस्काउंट और कई तरह के आकर्षक लाभ भी दिए जा रहे हैं।



**हिसार।** प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह।

### डिबेट कंपीटिशन में युक्ति रही प्रथम

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के डिबेटिंग सोसाइटी, वाणिज्य, प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा 'विश्व उद्यमिता दिवस' के उपलक्ष्य में 'एंटरप्रेन्योरशिप पखवाड़ा' थीम के तहत डिबेट कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि इस तरह की तार्किक प्रतियोगियों के आयोजन से विद्यार्थियों के मानसिक ओर बौद्धिक विकास में सहायता मिलती है। इस प्रतियोगिता में 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के तर्क-वितर्क के आधार पर जज डॉ. छवि मंगला व डॉ. संगीता मलिक ने परिणाम घोषित किया। प्रतियोगिता विषय के पक्ष में प्रथम स्थान पर युक्ति, द्वितीय स्थान पर मिष्ठी तथा विपक्ष में प्रथम स्थान पर मीशा, द्वितीय स्थान पर वरूण रहे। सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रथम स्थान पर नव्या, द्वितीय स्थान पर पारूल तथा तृतीय स्थान पर कृशनांश रहे। इस अवसर पर मौजूद डिबेटिंग सोसाइटी की संयोजिका डॉ. शम्मी नागपाल, वाणिज्य विभाग की इंचार्ज डॉ. रेनू राठी व प्रबंधन, अर्थशास्त्र विभाग की इंचार्ज डॉ. सुरुचि शर्मा, सहायक प्राध्यापक रितु, स्मृति, मानसी, डिम्पल, भावना, सीमा व दीपक आदि मौजूद रहे।

# मन्दिर में 31 को मनाई जाएगी राधा अष्टमी : बजरंग

- भगवान श्री कृष्ण जी की छठी बड़ी धूमधाम से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बाबा पराग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व अग्रोहा धाम में भगवान श्री कृष्ण जी की छठी बड़ी धूमधाम से संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग के नेतृत्व में मनाई गई। जिसमें कलाकारों द्वारा भव्य संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और विभिन्न प्रकार का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भक्त देर रात तक भजनों पर झूमते रहे। इस अवसर पर संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने उपस्थित बहन-भाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण



**हिसार।** भगवान श्री कृष्ण की छठी के अवसर पर झूमते बाबा प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षाण संस्थान के प्रधान बजरंग गर्ग व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

जी ने अवतार लिया था। श्री कृष्ण जी के जन्म के बाद छठे दिन समस्त नंद बाग के घर धूमधाम से छठी मनाई थी।

गर्ग ने कहा कि मन्दिर में 31 अगस्त को राधा अष्टमी भव्य रूप से मनाई जाएगी। जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा श्री राधा कृष्ण जी पर विशाल कार्यक्रम होगा।

छठी उत्सव पर मोहन तनेजा की टीम द्वारा भजनों पर भक्तों का मन मोह लिया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रबंधक ओमप्रकाश असीजा, सचिव सुरेंद्र सिंगला, संयोजक जगत नारायण, सतपाल असीजा, श्याम मंडल प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, अग्रोहा धाम निर्माण समिति राष्ट्रीय संयोजक ऋषि राज गर्ग, अग्रवाल विकास संगठन जिला अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल, अशोक गुप्ता, मांगेराम रालवासिया आदि मौजूद थे।



**हिसार।** अग्रसेन भवन से बुजुर्गों को हवाई अड्डे के लिए रवाना करते अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला। *फोटो :हरिभूमि*

### अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने 10 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा द्वारा अयोध्या भेजा

**हिसार।** अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने अब तक 76 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा के अपने संकल्प के तहत अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दसवीं बार 10 और बुजुर्गों को अयोध्या के लिये भेजा गया। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों में दलीप सिंह, कमलेश, बाबूराम बंसल, राजेश कुमार, सुनीता रानी, स्वर्ण लता, रविंद्र गोयल, राधेश्याम, शिव कुमार, शारदा देवी शामिल है। इससे पहले नौ सप्ताह में 76 बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जा चुका है। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला ने बताया कि सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहनों द्वारा हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खरियावाला ने सभी यात्रियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी बुजुर्गों के लिये अयोध्या में रहने, खाने-पीने व मंदिरों के दर्शन करवाने की व्यवस्था की गई है। सभी बुजुर्ग अयोध्या से रविवार 24 अगस्त को वापिसी हिसार आएंगे। इसी कड़ी में अगले शुक्रवार को और बुजुर्गों को अयोध्या भेजा जाएगा।

# नागोरी गेट हनुमान मंदिर में मनाया श्रीकृष्ण छठ महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्रीहनुमान कुरुक्षेत्र सनातन धर्म मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट के तत्वाधान में श्रीकृष्ण छट् महोत्सव शिवकुमार मित्तल एडवोकेट व नरेश कुमार गर्ग के सान्निध्य में देव पूजन के साथ शुरु हुआ। कार्यक्रम में अनुज शर्मा पुत्र स्व. प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में निर्मित भगवान श्रीकृष्ण का भव्य फूलों का बंगला आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर में अलौकिक लाईट व सजावट की व्यवस्था की गई।

ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता एवं महोत्सव प्रबंधक शिवकुमार मित्तल ने बताया कि महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक पवन बृजवासी (वृंदावन) व उनके साथियों ने मधुर भजनों द्वारा भगवान कृष्ण का गुणगान किया। इस दौरान हरियाणा कुरुक्षेत्र सनातन धर्म गर्ल्स



**हिसार।** श्रीकृष्ण छट् महोत्सव में सजा दरबार।

सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।भजनों में अंग गिरी नंदनी, भक्त है महाकाल का, मेरे बांके बिहारी लाल, देश भक्ति, मच गया शोर सारी नगरी में, कृष्ण लीला आदि पर सुंदर प्रस्तुति दी। इसी प्रांगण में 31 अगस्त को राधा अष्टमी महोत्सव भी मनाया जाएगा।

# बीड़ बबरान धाम में धूमधाम से मनाए भगवान श्रीकृष्ण छठी व नंद महोत्सव

- भजनों से किया भगवान की महिमा का गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बीड़ बबरान धाम में श्रीकृष्ण छठी व नंद महोत्सव धूमधाम से मनाए गए। इस अवसर पर संकीर्तन का आयोजन करके भगवान की महिमा का गुणगान किया गया। गायकों ने भजनों के माध्यम से ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूमने व नाचने लगे। इतना ही नहीं पूरा धाम जय श्रीश्याम के उदघोष से गुंजायमान हो उठा। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि 16 अगस्त को धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई



**हिसार।** बीड़ बबरान धाम में आयोजित श्रीकृष्ण छठी व नंद महोत्सव में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

और महाआरती व विशेष हजारा आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान कई आकर्षक झांकियां भी सजाई गई। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के उपरांत छठी महोत्सव का विधान है। इसलिए पूरे विधि विधान से श्रीकृष्ण छठी और नंद महोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर बीड़ बबरान धाम में पूजा-पाठ करके भगवान की आराधना की गई। इस दौरान आयोजित किए गए संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

# गांजा की सप्लाई करने वाला मुख्य आरोपित गिरफ्तार

- आरोपित ने कुछ दिन पहले युवक सुमित को 500 ग्राम गांजा सप्लाई किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

विशेष अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए 500 ग्राम गांजा सप्लाई करने वाले युवक दीपक निवासी वार्ड 13 नारनौंद को गिरफ्तार किया गया है।

स्पेशल स्टाफ में तैनात एएसआई सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपित दीपक ने कुछ दिन पहले सुमित उर्फ काका निवासी वार्ड11 नारनौंद को 500 ग्राम गांजा सप्लाई किया था। जिसके खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज हुआ था। स्पेशल स्टाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



**नारनौंद।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपित युवक।

# सीनियर एडवोकेट से एक करोड़ 33 लाख की धोखाधड़ी में 24वां आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के नित्या गोपाल दास के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

थाना साइबर क्राइम हांसी पुलिस ने 1 करोड़ 33 लाख रुपये की धोखाधड़ी मामले में कमीशन लेकर धोखाधड़ी में शामिल होने वाले 24 वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल नार्थ 24 पर्नागा के रविंद्रा नगर निमता निवासी नित्या गोपाल दास के रूप के रूप में हुई है।

साइबर क्राइम थाना में तैनात एएसआई रामबिलास ने बताया कि वकील कालोनी निवासी वयोवृद्ध



**हांसी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

एडवोकेट राजकुमार वत्स के साथ हुई एक करोड़ 33 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी मामले में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर, 20 हजार रुपये का कमीशन लेकर, 1 करोड़ 33 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी में सहयोग किया था। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 15 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बता दें कि इस मामले में पुलिस 23 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।


### महिला काव्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित

# 'हर बात बयां करूं ये जरुरी नहीं, तू चाहत है मेरी कोई मजबूरी नहीं'

- कवयित्री रिया नागपाल, डिम्पल सैनी, उषा ठकराल, नीलम सुंडा, पूनम मनचंदा ने वाहवाही बटोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महिला काव्य मंच की हिसार इकाई द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में राष्ट्रीय महासचिव कवयित्री सीमा शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गोष्ठी की अध्यक्षता मंच की हिसार इकाई की अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने की। गोष्ठी में मंच संचालन उपाध्यक्ष डिम्पल सैनी ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ मां शारदे



**हिसार।** काव्य गोष्ठी में हिस्सा लेती कवयित्रिय। *फोटो :हरिभूमि*

को वंदन कर हुआ। कवयित्री डॉ. दविना अमर ठकराल ने अपनी रचना 'क़ैद कर लिया है हर क्षण को कैमरे में,तस्वीरें मौन नहीं, तस्वीरें भी बोलती है/" के माध्यम से समां बांधा। कवयित्री दीपिका राठी 'हर बात बयां करूं ये जरुरी नहीं, तू चाहत है मेरी कोई मजबूरी नहीं' सुनाकर सभी की तालियां पाई। कवयित्री सीमा शर्मा ने अपनी ग़ज़ल 'जो वफ़ाओं की रवायत भी चली जाएगी,दिल से इक रोज मुहब्बत भी चली जाएगी' सुनाकर सभी का दिल जीत लिया। कवयित्री स्नेह प्रेमचंद ने अपनी समसामयिक रचना 'अब खुद ही बनो कृष्ण तुम सारे,करो हर दुशासन का स्वयं संहार,आखिर कब तक होता रहेगा चीर हरण,शोषण और बलात्कार' के माध्यम से नारी सशक्तिकरण पर बल दिया। कवयित्री डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने अपनी रचना 'कुछ रंगों को सुना मैंने, कुछ आवाजों को देखा तो कुछ शब्दों को चख लिया, आसान जिन्दगी को मैंने ऐसे कर लिया' सुनाकर सभी की वाहवाही पाई। इस मौके पर कवयित्री रिया नागपाल, डिम्पल सैनी, उषा ठकराल, नीलम सुंडा, पूनम मनचंदा ने अपनी रचनाओं से वाहवाही बटोरी। अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने सभी कवयित्रियों का साहित्य सरिता बहाने पर आभार व्यक्त किया और लेखनी को सशक्त करने पर बल दिया।